# कार्यालय–अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी।
## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

संख्या– 397 /अधी0गंज0/भण्डार पत्रा0/ दिनांक 29.01.2024

राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर पैरेन्ट कुक्कुट पक्षियों/बटेरों हेतु विभिन्न प्रकार कुक्कुट आहार की व्यवस्था किए जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते पशुपालन विभाग की वेबसाइट **www.animalhusb.upsdc.gov.in** पर उपलब्ध होगी। सम्बन्धित कुक्कुट आहार का वर्ष 2024–2025 में क्रय हेतु ई–निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम ई–टेण्डर द्वारा **submit** की जाएगी। टेक्निकल बिड वैध पाए जाने पर ही वित्तीय बिड पर विचार किया जाएगा। दिनांक **22.02.2024** अपरान्ह **05.00** बजे तक निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट मूल रूप में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | आहार का नाम | अनुमानित मात्रा | अनुमानित कीमत | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | अर्नेस्ट मनी रू0 | निविदा अवधि | तकनीकी विड खुलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रायलर स्टॅार्टर पैरेन्ट | 100 कुन्तल | रू0 47,00,000.00 (रू0 सैतालीस लाख मात्र) | 7050.00 + 18% GST (1269.00) Total 8319.00 | 47,500.00 (रू0 सैतालीस हजार पाँच सौ मात्र) | 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक | दिनांक **23.02.2024** को अपरान्ह **12.15 बजे** |
| 2 | ब्रायलर ग्रोवर पैरेन्ट | 200 कुन्तल | | | | | |
| 3 | ब्रायलर ब्रीडर पैरेन्ट मादा | 1000 कुन्तल | | | | | |
| 4 | बटेर स्टॅार्टर | 20 कुन्तल | | | | | |
| 5 | बटेर ब्रीडर | 75 कुन्तल | | | | | |

**ई–निविदा की नियत तिथि एवं समयः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि एवं समय | 14.02.2024 पूर्वान्ह 10.00 बजे |
| 2. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 14.02.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे |
| 3. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.02.2024 अपरान्ह 05 बजे तक |
| 4. | तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी (निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट मूल रूप में) जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.02.2024 अपरान्ह 05 बजे तक |
| 5. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.02.2024 अपरान्ह 12.15 बजे तक |

(डा0 नीरज कुमार वर्मा)
अधीक्षक

**राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर कुक्कुट आहार क्रय हेतु आमंत्रित की जाने वाली निविदा की नियम एवं शर्ते।**

1. निविदा प्रपत्र शुल्क किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **मुख्य तकनीकी अधिकारी राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया लखनऊ** के पक्ष में जारी बैक डिमान्ड ड्राफ्ट स्वीकार्य होगा।
2. निविदा डालने वाली फर्मो को नियमानुसार अर्नेस्ट मनी के रूप में धनराशि का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो **मुख्य तकनीकी अधिकारी राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया लखनऊ** के पक्ष में बन्धक हो, स्वीकार्य होगा।
3. तकनीकी विड मे मांगे गये सभी प्रपत्र ई–टेण्डर की वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे, हार्ड कापी के रूप में केवल निविदा शुल्क का ड्राफ्ट एवं अर्नेस्ट मनी का एफ0डी0आर0 कार्यालय में जमा करना होगा।
4. निविदा हेतु जी0एस0टी0 पंजीयन होना अनिवार्य है, जिसकी स्व0 प्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. फर्म के नाम का/फर्म के प्रोप्राइटर का आयकर रिटर्न की स्व0 प्रमाणित प्रति, दो वित्तीय वर्षो 2021–22 एवं 2022–23 अर्थात कर निर्धारण वर्षो (Assesment Year) 2022–23 एवं 2023–24 का संलग्न करना होगा।
6. आपूर्ति के समय नेत्र परीक्षण में यदि कुक्कुट आहार मानक के अनुरूप न पाए जाने पर कुक्कुट आहार को वापस कर दिया जायेगा तथा आपूर्ति किये गये आहार को अपने खर्च पर उठाना होगा, जिसके लिए फर्म द्वारा विभाग पर कोई क्षतिपूर्ति दावा नही किया जयेगा (कुक्कुट आहार के मानक संलग्न है)।
7. निविदा की दरें एफ0ओ0आर0 होंगी तथा केवल जी0एस0टी0 नियमानुसार अलग से देय होगी।
8. फर्म द्वारा सामग्री से सम्बन्धित मूल निर्माता प्रमाण पत्र/अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. सफल निविदादाता फर्म को क्रय किये जाने वाले कुक्कुट आहार के अनुमानित लागत के 05 प्रतिशत जमानत धनराशि का राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0 बनवाकर **उपनिदेशक (प्रक्षेत्र) पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ** के पक्ष में बन्धक रखनी होगी। स्वीकृत टेण्डरदाता द्वारा निर्धारित अवधि में अनुबन्ध करने में असफल रहने की दशा में आपूर्ति में अनिच्छुक मानते हुये धरोहर राशि जब्त करते हुये द्वितीय न्यूनतम दरदाता से न्यूनतम दरों पर अनुबन्ध हेतु विचार किया जा सकता है। जिस निविदादाता की दरें स्वीकार की जायेंगी उन्हे भारतीय स्टाम्प अधिनियम–1899 की अनुसूची एक–ख के अनुच्छेद–57 के अन्तर्गत रू0–100.00(रूपया एक सौ मात्र) के स्टेम्प पेपर पर दर अनुबन्ध करना होगा। जिसका व्यय निविदादाता द्वारा स्वंय किया जायेगा तथा इस आशय का रू0–50.00 का शपथ पत्र पर बान्ड भरना होगा कि माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन याचिका निर्णय यदि राज्य सरकार के पक्ष में कर दिया जाता है तो नियमानुसार देय स्टाम्प शुल्क का भुगतान किया जायेगा। राजकीय विभाग व अन्य संस्थान द्वारा काली सूची में न डालने अथवा डीबार अथवा अर्नेस्ट मनी न जब्त होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र नोटराइज्ड रू0–10.00 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
10. क्रय आदेश बजट की उपलब्धता के आधार पर जारी किया जाएगा।
11. कोई टेण्डर सशर्त स्वीकार नही किया जायेगा।
12. अपरिहार्य कारणों से कुक्कुट आहार की मात्रा घटाई–बढ़ाई जा सकती है।
13. तकनीकी बिड मे स्वीकार्य निविदादाता ही वित्तीय विड हेतु अर्ह माने जाएगे।
14. रेट कान्ट्रेक्ट समान्य स्थित में टेण्डर स्वीकृत दिनांक से 31–03–2025 तक या अगला टेण्डर स्वीकृत होने तक निविदादाता को मान्य होगी।
15. क्रय आदेश निर्गत होने की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करना होगा।

16. क्रय समिति को बिना कारण बतायें निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
17. उक्त क्रय उत्तर प्रदेश प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों अर्न्तगत किया जायेगा।
18. सफल निविदादाता को उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल में वर्णित इंटीग्रिटी पैक्ट (Intgrity pact Ref. para 18.9) को भी हस्ताक्षरित करना होगा।
19. उक्त क्रय यू0पी0स्टेट एग्रो कापोरेशन द्वारा कुक्कुट आहार की आपूर्ति न किये जाने की दशा में किया जायेगा।

**भुगतान–**

1. समस्त बिलों का भुगतान अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा बजट की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता से किया जायेगा।
2. आपूर्ति किये गये कुक्कुट आहार के प्रत्येक लाट की जॉच निदेशालय के केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगशाला से करायी जायेगी। यदि किसी प्रकार की कटौती आती है तो अगले बिल के भुगतान में से निर्धारित कटौती की जायेगी तथा अन्तिम लाट के बिलों का भुगतान केन्द्रीय परीक्षण प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही किया जायेगा।

**अन्य शर्ते–**

1. स्वीकृत निविदादाता द्वारा समय से मानक के अनुरूप आपूर्ति न करने के कारण यदि वैकल्पिक व्यवस्था अपना कर आहार क्रय करना पड़ता है तो ऐसी स्थिति में क्षति होने पर उसकी पूर्ती सम्बन्धित निविदादाता फर्म को करनी होगी।
2. यदि आपूर्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो नियमानुसार पंच निर्णय के माध्यम से निपटारा हेतु संदर्भित किया जायेगा एवं उनके द्वारा लिया गया निर्णय दोनों पक्षो को मान्य होगा, तथा किसी प्रकार के विधिक प्रकरण मे न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।
3. उपरोक्त शर्तो में आपूर्तिकर्ता एवं क्रेता द्वारा उभय पक्षीय सहमति द्वारा आवश्यकतानुसार फेर–बदल किया जा सकता है। उपरोक्त सभी शर्ते मुझे/हमें मान्य है तथा इन शर्तो को ध्यान मे रखकर ही निविदा प्रस्तुत की जा रही है।

निविदादाता का हस्ताक्षर..............................
नाम...................................................................
फर्म/कम्पनी की सील..................................
पूरा पता...........................................................

# कुक्कुट आहार में मानको का विवरण।

| क्र0 सं0 | आहार का नाम | नमी % | क्रुड प्रोटीन न्यूनतम % | क्रुड फाइवर अधिकतम % | ए0आई0ए0 % | एनर्जी (ME) % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रायलर स्टार्टर पैरेन्ट | 11 | 20-21 | 7 | 4 | 2850-2900/Kcal/kg |
| 2 | ब्रायलर ग्रोवर पैरेन्ट | 11 | 16-17 | 8 | 4 | 2700-2800/Kcal/kg |
| 3 | ब्रायलर ब्रीडर पैरेन्ट मादा | 11 | 18-19 | 8 | 4 | 2800/Kcal/kg |
| 4 | बटेर स्टार्टर | 10 | 27 | 7 | 4 | 2800/Kcal/kg |
| 5 | बटेर ब्रीडर | 10 | 22 | 10 | 4 | 2700/Kcal/kg |

उपरोक्तानुसार विभिन्न मानकों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है। कुक्कुट आहार की दरे उपरोक्त मानकों/बी0आई0एस0 मानकों के अनुसार ही निविदा में प्रस्तावित की गयी है तथा आपूर्ति भी निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप ही करेंगें।

**हस्ताक्षर.........................................................................**

**निविदादाता का नाम व पता....................................**

**फर्म की मुहर..................................................................**

# अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी

## निविदा तकनीकी बिड

राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा प्रक्षेत्र हेतु वर्ष 2024–25 के माह 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि हेतु कुक्कुट आहार क्रय के सम्बन्ध में प्रकाशित निविदा सूचना सं0–**397** दिनांक **29.01.2024** सम्बन्धी तकनीकी निविदा प्रपत्र का विवरणः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म का नामः– | |
| 2. | निविदादाता / फर्म का पता मोबाईल नं0 / ई–मेल आई0डी0 | |
| 3. | जी0एस0टी0 सं0 / तिथि वैधता दिनांक<br>(प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 4. | आयकर स्थायी संख्या–(PAN)<br>(प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित संलग्न करें) | |
| 5. | आयकर विगत दो वित्तीय वर्षो 2021–22 एवं 2022–23 अर्थात कर निर्धारण वर्षो (Assesment Year) 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर विवरण संलग्न करना होगा।<br>(प्रमाण पत्र छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 6. | धरोहर धनराशि (अर्नेस्टमनी) विवरण<br>(एफ0डी0आर0 मूल रूप में संलग्न करें) | |
| 7. | निविदा प्रपत्र क्रय फीस का बैंक ड्राफ्ट (मूल रूप में संलग्न करें) | |
| 8 | किसी राजकीय विभाग व अन्य संस्थान द्वारा फर्म को काली सूची में न डालने अथवा डीबार अथवा अर्नेस्ट मनी न जब्त होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र नोटराइज्ड रू0–10.00 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रमाण पत्र अपलोड करे। | |
| 9 | मूल निर्माता / अधिकृत विक्रेता प्रमाण पत्र | |

## घोषणा

मैने / हमने क्रय प्रस्ताव प्रपत्र (निविदादाताओ के लिए आवश्यक निर्देश) के लिय निर्देश को भलीभॉति पढ़ / समझ लिया है तथा उनका अनुपालन करने हेतु बचनबद्ध हूॅ / है। मै अधीक्षक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा निर्धारित समय सीमा में आदेशित मात्रा की आपूर्ति करने में पूर्णतया समर्थ हूॅ / है। कार्य निष्पादन में किसी प्रकार का विलम्ब या असफल होने पर मेरी / हमारी सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी। क्रय प्रस्ताव प्रपत्र में दी गयी सूचनायें मेरी / हमारी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। क्रय प्रस्ताव प्रपत्र में सम्बन्धित कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है। क्रय प्रस्ताव में गठित कमेटी का निर्णय मान्य होगा। क्रय प्रस्ताव की शर्ते स्वीकार है। उपरोक्त के विपरित यदि कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो मेरी / हमारी निविदा निरस्त कर दी जाये। इसमें मुझे / हमें कोई आपत्ति नही होगी।

स्थानः.........................................................

दिनांकः......................................................

निविदादाता अधिकारी प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रतिष्ठान की मुॅहर

# अधीक्षक, राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी

## निविदा वित्तीय बिड

अधीक्षक, राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी द्वारा दैनिक समाचार पत्र राज्य संस्करण में प्रकाशित निविदा सूचना प्रकाशन सूचना सं0—397 दिनांक 29.01.2024 के क्रम में निम्न विवरण के अनुसार माह 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिये आपूर्ति हेतु एफ0ओ0आर0 दरें समस्त करों सहित प्रस्तावित हैः—

| क्र0 सं0 | आहार का नाम | क्रय की जाने वाली अनुमानित मात्रा (कुन्टल में) | समस्त करों सहित दर प्रति कुन्टल |
|---|---|---|---|
| | | | एफ0ओ0आर0 (प्रक्षेत्र गोदाम निबलेट) |
| 1 | ब्रायलर स्र्टाटर पैरेन्ट | 100 कुन्तल | |
| 2 | ब्रायलर ग्रोवर पैरेन्ट | 200 कुन्तल | |
| 3 | ब्रायलर ब्रीडर पैरेन्ट मादा | 1000 कुन्तल | |
| 4 | बटेर स्र्टाटर | 20 कुन्तल | |
| 5 | बटेर ब्रीडर | 75 कुन्तल | |

उपरोक्त कुक्कुट आहार की आपूर्ति राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी की आवश्यकता हेतु निविदा शर्तों के अनुसार किये जाने के लिये सहमत हूँ। आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय—समय पर क्रय आदेश के अनुसार की जायेगी।

**हस्ताक्षर.........................................................................**

**निविदादाता का नाम व पता.......................................**

**...................................................................................**

**फर्म का मुहर..............................................................**